## मोदी सरकार वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रयासरतः भूपेंद्र यादव

**रायपुर, एजेंसी।**

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी सरकार वन्य जीवों के संरक्षण और उसके संवर्धन के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हम 29 जुलाई को टाइगर डे, 10 अगस्त को लॉयन डे और आज एलीफेंट डे मना रहे हैं। प्रकृति और वन्य जीवों का संरक्षण और विकास करना एक बड़ा काम है। एलिफेंट रिजर्व की संख्या पिछले दस सालों में 33 हो गई। टाइगर रिजर्व की संख्या 55 से ज्यादा हो गई।

स्टीयरिंग कमेटी की बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि, वन्यजीवों के संरक्षण-संवर्धन को लेकर गंभीरता से चर्चा की जाएगी। हमारे सामने कुछ चुनौतियां भी हैं, जिससे निपटने के लिए हमने टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ जंगल से घिरा हुआ प्रदेश है। हमारी सरकार यहां की संस्कृति, जनजाति गौरव, ऐतिहासिक सामाजिक परंपराएं और सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के हित में विकास के कार्य हो रहे हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ की जनता ने पांच साल तक दुख और कष्ट झेला, एक भ्रष्ट शासन को देखा है।

# जगह-जगह जारी मुठभेड़ों ने बढ़ाई चुनौतियां एवं चिंता

**जांबाज जवानों की कड़ी चौकसी के कारण निर्विघन संपन्न होती यात्रा, 15 अगस्त के मौके पर मिसएडवेंचर्स की आशंका बरकरार**

**सतीश वर्मा**

**जम्मू (रक्षा संवाददाता) मेट्रो मीडिया।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, जम्मू संभाग के किश्तवाड़ तथा उधमपुर के दुरूह पहाड़ी एवं घने जंगलात इलाकों में घातक हथियारों से लैस विदेशी मूल के बेहद प्रशिक्षित आतंकियों की मौजूदगी तथा जारी मुठभेड़ों ने फिलहाल सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौतियां खड़ी कर रखी है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की मदद से ही आतंकी हमले में उछाल बना हुआ है। इन आतंकियों के पास अमेरिका तथा चीन निर्मित न केवल घातक हथियार हैं बल्कि इन्होंने विशेष प्रकार का प्रशिक्षण भी ले रखा है। कहा गया कि पाकिस्तान मूल के जैश ए मोहम्मद के यह दुर्दांत आतंकी अब फिदायन हमले की बजाय सुरक्षित ठिकानों से घात लगाकर लगातार हमले करते हैं। फिर, हमला करने के बाद वहां से भाग निकलते हैं। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक नतीजतन, यह हमलावर आतंकी मारे नहीं जा पा रहे बल्कि सुरक्षा बलों में सेना की सबसे ज्यादा कैजुअल्टी हो रही है। जोकि न केवल बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है बल्कि देश के लिए चिंता का सबक भी।



सूत्रों का कहना है कि इन विदेशी मूल के आतंकियों को लोकल स्तर पर ओवर ग्राउंड वर्क्स तथा स्लीपर सेल मदद कर रहे हैं। घुसपैठ के बाद इन विदेशी मूल के आतंकियों जुड़े गाइड उन्हें सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचने में मदद करने में लगे हैं। माना जा रहा है कि यह गाइड आदि सभी सरहद पर बैठे आतंकी संगठनों के हैंडलर्स के भी संपर्क में लगते हैं। राज्य पुलिस की माने तो ऐसी भी जानकारियां है कि कई जगह इन विदेशी मूल के आतंकियों ने गन पॉइंट पर खाने से लेकर अन्य तमाम तरह की लोकल स्तर पर मदद लेने की कोशिश कर रहे है। विगत कुछ महीनो के भीतर पीर पंजाल क्षेत्र से लेकर कठुआ उधमपुर और अब घाटी में भी लोकल स्तर पर इन विदेशी मूल की आतंकियों को मदद मिलने की एजेंसियों को जानकारियां हैं।

माना जा रहा है कि यह शुक्र है कि सुरक्षा बलों की अत्यधिक कड़ी चौकसी के कारण ही सालाना अमरनाथ यात्रा निर्विघ्न संपन्न होने जा रही है। परंतु,15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के मौके पर अभी भी आतंकियों द्वारा मिसएडवेंचरस किए जाने की आशंका निरंतर बनी हुई है। इसके लिए राज्य पुलिस से लेकर अर्ध सैनिक बल तथा सेना पूरी तरह कमर कसे हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि इस बीच कठुआ जिला पुलिस को आतंकियों के पांच मददगारों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। आतंकियों के यह मददगार सेना के चार जवानों की शहादत तथा कठुआ_ बनी- किश्तवाड़ क्षेत्र में आतंकवाद संबंधी गतिविधियों में भी शामिल रहे कहे गए हैं।

मालूम हो कि शायद ही ऐसा कोई दिन जाता हो जब इस प्रकार की खबरें ना उड़ती हों कि जम्मू संभाग के फलां फलां इलाके में संदिग्धों की मौजूदगी देखी गई है। इसके बाद सुरक्षा बल लगातार सघन तलाशी अभियान भी चला रहे हैं। यह जुदा बात है कि ऐसी सूचनाओं पर कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिल पाई है।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर राहुल गांधी पर फूटा कंगना का गुस्सा

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश की मंडी से भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जोरदार प्रहार किया है। अभिनेत्री ने राहुल गांधी को खतरनाक इंसान बताया। उन्होंने कहा कि उनका एजेंडा यह है कि अगर वे प्रधानमंत्री नहीं बन सकते तो वे इस देश को नष्ट कर सकते हैं। कंगना रनौत ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इस देश की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

कंगना रनौत ने हिंडनबर्ग रिसर्च के हालिया रिपोर्ट का जिक्र करते हुए लिखा, 'राहुल गांधी सबसे खतरनाक आदमी हैं, वे कटु, जहरीले और



विनाशकारी हैं। उनका एजेंडा यह है कि अगर वे प्रधानमंत्री नहीं बन सकते तो वे इस देश को नष्ट कर सकते हैं। हिंडनबर्ग हमारी शेयर बाजार को टारगेट करता है, जिसका राहुल गांधी कल रात समर्थन कर रहे थे, एक निराशाजनक बात साबित हुई। वे इस देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने आगे लिखा, 'राहुल गांधी आप जीवनभर विपक्ष में बैठने के लिए तैयार हो जाइए और जिस तरह से आप कष्ट झेल रहे हैं, उसी तरह से इस देश

- भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत ने राहुल गांधी को खतरनाक इंसान बताया।

के लोगों की शान, विकास और राष्ट्रवाद का भी कष्ट झेलने के लिए तैयार हो जाइए। वे आपको कभी अपना नेता नहीं बनाएंगे। आप एक कलंक की तरह हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा था, छोटे खुदरा निवेशकों की संपत्ति की सुरक्षा का दायित्व संभालने वाले प्रतिभूति नियामक सेबी की शुचिता, इसके चेयरपर्सन के विरुद्ध लगे आरोपों से गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। उन्होंने ये कहा कि सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया? अगर निवेशकों की मेहनत की कमाई डूब जाती है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा?

बता दें कि सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा उन पर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि यह 'चरित्र हनन करने का प्रयास' है, क्योंकि सेबी ने पिछले महीने नेट एंडरसन के नेतृत्व वाली कंपनी को नियमों का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। शेयर बाजार नियामक ने पिछले महीने कहा था कि हिंडनबर्ग और एंडरसन ने 'सेबी के धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार प्रथाओं की रोकथाम के नियमों' और 'सेबी के रिसर्च एनालिस्ट के लिए बनाई गई आचार संहिता के नियमों' का उल्लंघन किया।

## नटवर सिंह पंचतत्व में विलीन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह सोमवार को यहां पंचतत्व में विलीन हो गए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। नटवर सिंह का लंबी बीमारी के बाद शनिवार रात को निधन हो गया था। वह 93 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में बारिश के बीच लोधी शव दाहगृह में दोपहर को किया गया। नटवर सिंह के परिवार के सदस्यों, मित्रों और समर्थकों के अलावा विदेश मंत्री जयशंकर, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला, कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कई नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शवदाहगृह पहुंचे।

## कश्मीर में 'तिरंगा' रैली में 10 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया

**श्रीनगर, एजेंसी।**

स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले में सोमवार को एक विशाल 'तिरंगा' रैली आयोजित की गई। इस रैली में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। अनुमान के मुताबिक, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अगुआई में आयोजित इस रैली में 10 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। रैली डल झील के किनारे बॉटनिकल गार्डन से शुरू हुई।

प्रतिभागियों ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) तक मार्च किया। रैली बॉटनिकल गार्डन में समाप्त होगी, जहां प्रतिभागी वापस गार्डन की ओर मार्च करेंगे। कैनवास हस्ताक्षर अभियान के बाद बॉटनिकल गार्डन में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत गाए जाएंगे और देश की स्वतंत्रता के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 'तिरंगा' रैली सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लोगों को अपने घर पर झंडा लगाने और भारत की स्वतंत्रता को चिह्नित करने के लिए इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। शनिवार को भी केंद्र शासित प्रदेश के कई जिलों में तिरंगा रैलियां निकाली गई थीं। 5 अगस्त 2019 को संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर देश के बाकी हिस्सों के साथ पूरी तरह से मिल गया।

## एक नजर

### कर्नाटक में वजीफा बढ़ाने की मांग को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन

**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक में सोमवार को रेजिडेंट डॉक्टर, इंटर्न पोस्टग्रेजुएट्स और वरिष्ठ रेजिडेंट्स ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने राज्य सरकार से वजीफा बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि मिलने वाला वजीफा अपर्याप्त है, जिससे उनकी जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने सड़क पर आकर प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। इतना ही नहीं, रेजिडेंट डॉक्टरों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। डॉक्टरों का कहना है कि वो पिछले कई समय से सरकार से वजीफा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। सरकार हमारी मांगों को लेकर निष्क्रिय रुख अपना रही है। हमारी सरकार या मरीजों से कोई रंजिश नहीं है। हम सिर्फ अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, इस प्रदर्शन पर कर्नाटक एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट्स डॉक्टर्स डॉ एस श्रीरामैया का भी बयान सामने आया है।

## सभी धर्म के लोगों के हित में कानून-व्यवस्था बहाल करें यूनुसः थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने सोमवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से आग्रह किया कि सभी धर्मों के बांग्लादेशी नागरिकों के हित में कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाया जाए।

उन्होंने भारतीयों के सांस्कृतिक केंद्र, मंदिर और हिंदू समुदाय के लोगों के घरों पर हमलों को शर्मनाक करार दिया।

पूर्व विदेश राज्य मंत्री थरूर ने बांग्लादेश में 1971 के शहीद स्मारक परिसर की तस्वीरें 'एक्स' पर साझा कीं और कहा कि मुजीबनगर में भारत विरोधी उपद्रवियों द्वारा नष्ट किए गए परिसर में ''प्रतिमाओं की



ऐसी तस्वीरें देखना दुखद'' है।

उन्होंने कहा, यह कई स्थानों पर भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, मंदिरों और हिंदू घरों पर शर्मनाक हमलों के बाद हुआ है। यहां तक कि कई मुस्लिम नागरिकों द्वारा अन्य अल्पसंख्यकों के घरों और पूजा स्थलों की रक्षा करने की खबरें भी आई हैं। उन्होंने कहा, कुछ आंदोलनकारियों का एजेंडा बिल्कुल स्पष्ट है।

## जम्मू से 380 तीर्थयात्रियों का नया जत्था बूढ़ा अमरनाथ के लिए रवाना

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू आधार शिविर से 380 से अधिक तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 'बम बम भोले' के उद्घोष के साथ पुंछ जिले में बूढ़ा अमरनाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 382 तीर्थयात्रियों का छठा जत्था केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस की सुरक्षा में 10 वाहनों के काफिले में तड़के सवा पांच बजे भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। बम बम भोले, हर हर महादेव और जय श्री राम के उद्घोष के साथ 283 पुरुषों, 90 महिलाओं और नौ बच्चों का यह जत्था आठ बस और दो हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) में रवाना हुआ।

## पीएम मोदी ने किसानों से की बात, प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फसलों की 109 किस्मों की उच्च उपज देने वाली बीजों की किस्त जारी करने के बाद किसानों को कृषि को लेकर मूल मंत्र दिया। पीएम मोदी ने कृषि में अनुसंधान और नए इनोवेशन पर जोर दिया। उन्होंने किसानों से बातचीत के दौरान लाल बहादुर शास्त्री द्वारा कहे गए प्रसिद्ध नारे ₹जय जवान, जय किसान₹ और अटल बिहारी के ₹जय विज्ञान₹ का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने किसानों से बातचीत के दौरान कहा, हमारी सरकार किसान-कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हमने जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान में जय अनुसंधान जोड़ा है। उन्होंने कहा, किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती को



अपनाने से महत्वपूर्ण उपलब्धियां मिलने की उम्मीद है। किसान धरती माता के प्रति अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग हैं और स्वेच्छा से कीटनाशकों से दूर जा रहे हैं।

प्राकृतिक खेती की ओर यह बदलाव उनके लिए बेहतर परिणाम दे रहा है। प्रधानमंत्री ने किसानों को बीजों की नई किस्मों को अपनाने के सुझाव दिए। उन्होंने किसानों से पूछा कि क्या वे बीजों की नई किस्मों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं या फिर दूसरे लोगों द्वारा उसके पहले इस्तेमाल करने का इंतजार करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें सुझाव दिया कि वे अपनी जमीन के एक छोटे से हिस्से या चार कोनों में नई किस्म की बीज का इस्तेमाल करें और खुद के प्रयोग के संतोषजनक परिणामों के बाद इसका इस्तेमाल करें।

उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में किसानों के लिए तिगुनी गति से काम करने की बात को दोहराया। उन्होंने कहा, हम अपने किसान भाई-बहनों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में फसलों की 109 नई किस्मों को जारी किया गया। जलवायु अनुकूल और ज्यादा उपज देने वाली इन किस्मों से उत्पादन बढ़ने के साथ हमारे अन्नदाताओं की आय भी बढ़ेगी।


**विशेष रेलगाड़ी-2024**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जायेगी :-

**04016/04015 नई दिल्ली-बनारस-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04016 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04015 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:00 | नई दिल्ली | 22:35 | -- |
| 23:42 | 23:44 | गाजियाबाद | 21:43 | 21:45 |
| 01:45 | 01:47 | टूण्डला | 19:18 | 19:20 |
| 04:47 | 04:52 | कानपुर सेंट्रल | 16:35 | 16:40 |
| 07:37 | 07:47 | प्रयागराज | 14:10 | 14:15 |
| 09:03 | 09:05 | ज्ञानपुर रोड | 12:46 | 12:48 |
| 10:25 | – | बनारस | -- | 12:00 |

चलने की तिथिः 04016 नई दिल्ली से 14.08.2024 (बुधवार) को और 04015 बनारस से 15.08.2024 (गुरूवार) को।

स्थान : 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

विस्तृत विवरण के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

2507/24

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## श्रीलंका और भारत के बीच मित्र शक्ति सैन्य अभ्यास

**आदित्य विक्रम सिंह**

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।** भारत-श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति का 10वां संस्करण आज श्रीलंका के मदुरु ओया स्थित आर्मी ट्रेनिंग स्कूल में आरंभ हुआ।

यह अभ्यास 12 से 25 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। भारतीय दल में 106 कर्मी शामिल हैं और उनका प्रतिनिधित्व राजपुताना राइफल्स की एक बटालियन तथा सेना के अन्य कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

वहीं श्रीलंका के दल का प्रतिनिधित्व श्रीलंकाई सेना की गजबा रेजिमेंट के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। संयुक्त अभ्यास मित्र शक्ति एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो भारत और श्रीलंका में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। इसका



पिछला संस्करण नवंबर, 2023 में पुणे में आयोजित किया गया था।

संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय,-7 के तहत उप-पारंपरिक परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

यह अभ्यास अर्ध-शहरी वातावरण में सैन्य संचालन पर विशेष रूप से केंद्रित रहेगा।

अभ्यास के दौरान आयोजित की जाने वाले सामरिक गतिविधियों में आतंकवादी कार्रवाई का मुकाबला, एक संयुक्त कमान पोस्ट की स्थापना, एक खुफिया एवं निगरानी केंद्र की स्थापना, एक हेलीपैड/लैंडिंग साइट की सुरक्षा, छोटे दलों का प्रवेश व निकासी, विशेष हेलीबोर्न ऑपरेशन, घेरा और तलाशी अभियान के अलावा ड्रोन तथा काउंटर ड्रोन सिस्टम का उपयोग आदि शामिल हैं। अभ्यास मित्र शक्ति दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने में सक्षम बनाएगा।

यह दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन गतिविधियों, सौहार्द और शांति सहयोग विकसित करने में मदद करेगा।

संयुक्त अभ्यास रक्षा सहायता को भी बढ़ाएगा, जिससे दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।

## न्यायालय ने सेंथिल बालाजी की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित किया

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बालाजी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी एवं सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनीं।

सुनवाई के दौरान मेहता ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता को जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि मुकदमे में देरी पूर्व मंत्री के कारण हो रही है। रोहतगी ने दलील दी कि बालाजी एक साल से अधिक समय से जेल में हैं और मुकदमे पर सुनवाई जल्द पूरी होने की कोई संभावना नहीं है।

## देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य : अखिलेश

**लखनऊ, एजेंसी।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बांग्लादेश का नाम लिए बिना कहा कि देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है।

उन्होंने यह भी कहा कि इतिहास सिखाता है कि जो सरकार किसी और देश के राजनीतिक हालात का इस्तेमाल अपने सियासी मंसूबों को पूरा करने के लिए करती है, वह देश को आंतरिक और बाह्य दोनों स्तर पर कमजोर करती है।

अखिलेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, विश्व इतिहास गवाह है कि कई देशों में विभिन्न कारणों से, सही या गलत, उस समय के हालातों के अनुसार, हिंसक जन क्रांतियां, सैन्य



तख्तापलट, सत्ता-विरोधी आंदोलन होते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे उथल-पुथल भरे समय में केवल उसी देश का पुनरुत्थान हुआ है, जिसने किसी के खिलाफ किसी भी आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया।

सपा प्रमुख ने कहा, देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है। सकारात्मक मानवीय सोच के आधार पर, एक व्यक्ति के रूप में हर निवासी-पड़ोसी की रक्षा करना भी हर सभ्य समाज का मानवीय-दायित्व होता है, फिर वह चाहे किसी काल-स्थान-परिस्थिति में कहीं पर भी हो।

उन्होंने कहा कि कई बार किसी देश के आंतरिक मामलों से प्रभावित होने वाले किसी अन्य देश का एकल स्तर पर हस्तक्षेप करना वैश्विक राजनयिक मानकों के लिहाज से उचित नहीं माना जाता है, लेकिन ऐसे में उस प्रभावित देश को अपने लोगों की रक्षा के लिए अपनी मूक विदेश नीति को सक्रिय करते हुए, विश्व बिरादरी के साथ मिलकर साहसपूर्ण सकारात्मक मुखर पहल करनी चाहिए, जिससे सार्थक समाधान निकल सके।


**Morning Glory Leasing and Finance Limited**

CIN : L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House, 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email Id: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2024 (₹ in lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Standalone: For the Quarter Ended on 30-06-2024 Unaudited | For the Year Ended on 31-03-2024 Audited | For the Quarter Ended on 30-06-2023 Unaudited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 1.25 | 5.97 | 1.25 |
| 2 | Net Profit /(Loss) for the period (before tax & exceptional items) | 0.30 | 2.38 | 0.67 |
| 3 | Net Profit /(Loss) for the period (before tax after exceptional items) | 0.30 | 2.38 | 0.67 |
| 4 | Net Profit /(Loss) for the period (after tax after exceptional items) | 0.30 | 1.76 | 0.50 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (comprising profit /(loss) for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 41.00 | (131.46) | 13.84 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (face value of Rs.10/- each) | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 7 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) (not annualised) | | | |
| | 1. Basic | 16.47 | (52.80) | 5.76 |
| | 2. Diluted | 16.47 | (52.80) | 5.76 |

NOTES :
1. The above Standalone Un-audited Financial Results for the quarter ended June 30, 2024, have been limitedly reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on 12th August, 2024. The Statutory auditors have expressed an unmodified audit opinion.
2. The above is an extract of the format of Un-audited quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under the Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of Un-audited quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange's website i.e. www.msei.in and on the Company's website i.e. www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director and Chief Financial Officer

Place : New Delhi
Date : 12th August, 2024



**Nidhi Services Limited**

Regd. Off : 5/19-B, Roop Nagar, Delhi - 110007
Tel.: 011-43215145, Mobile: 09811021216, CIN : L65999DL1984PLC018077, E-mail: nidhiservicesltd@gmail.com

Extract of Standalone Un-Audited Financial Results of the Quarter ended on 30th June, 2024

Amount (Rs. In Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Current Quarter ending 30-Jun-24 | Previous year ending 31-Mar-24 | Corresponding 3 months ended in the previous year 30-Jun-23 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 9.24 | 37.17 | 7.97 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 5.94 | 22.24 | 5.17 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items and/or Extraordinary items#) | 5.94 | 22.24 | 5.17 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 5.46 | 19.87 | 4.62 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 5.46 | 19.87 | 4.62 |
| 6 | Equity Share Capital | 150.00 | 150.00 | 150.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | 557.49 | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | |
| | 1) Basic: | 0.36 | 1.32 | 0.31 |
| | 2) Diluted: | 0.36 | 1.32 | 0.31 |

The above results were reviewed by the Audit Committee and thereafter taken on record by the Board in its meeting held on August 12, 2024 and also Limited Review were carried out by the Statutory Auditors.

**Note**

a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirments) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's Website i.e (www.nidhiservicesltd.com) and on the website of the Stock Exchange (www.cse-india.com) and (http://www.msei.in/index.aspx)

For Nidhi Services Limited
Sd/-
Udit Agarwal
Whole Time Director
DIN: 00239114

PLACE : Delhi
DATE : 12.08.2024